साहित्य सिनेमा सेतु
रील से रियल लाइफ तक
ISSN: 2584-0819

देशभक्ति दोहे : मातृभूमि से प्यार

-डॉ. वर्षा सिंह
कवयित्री, समाज सेविका, यूट्यूबर
https://sahityacinemasetu.com/deshbhakti-dohe-matrbhoomi-se-payar/

देश प्रेम की भावना,
मन में हो भरपूर ।
लाल, भगत, आज़ाद से ,
हों हम भी मशहूर ॥

डोर देश की सौंप दी,
क्यों नेता के हाथ ।
चाहे माटी देश की,
जनमानस का साथ ॥

वृद्ध जवां बच्चे करें,
जहां देश हित बात ।
दुश्मन ऐसे देश से,
डरते है दिन रात ॥
करे नहीं आघात

करें रोज़ हम सब अगर,
राष्ट्र धर्म के काज ।
निश्चित ही भारत करे,
सकल विश्व पर राज ॥

ख़ुद से ज़्यादा जो करें ,
मातृभूमि से प्यार ।
कहलाए वह देश का,
सच्चा पहरेदार ॥